# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों की वीरता को किया नमन



**जामगांव आर @ पत्रिका.** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर में पुलिस स्मृति दिवस पर महाविद्यालय परिवार ने देश और प्रदेश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों को नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश और राज्य के इन सच्चे प्रहरी जवानों की बहादुरी के कारण ही आज हम सुरक्षित जीवन और त्योहारों की खशियां मना पाते हैं।

इसमें राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा इलाके के कोरकुट्टी क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले विनोद ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चेतना सोनी ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस 1959 से मनाया जा रहा है, जब लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर देश के 10 पुलिसकर्मियों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे।